# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## ग्यारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## बुधवार, 01अप्रैल, 2026/11, चैत्र, 1947 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 19**

----

### कचरा प्रबन्धन

***4249 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला कांगड़ा के विकास खंड भवारना, तहसील पालमपुर की ग्राम पंचायत धोरन द्वारा स्वच्छ पंचायत योजना के अंतर्गत पंचायत क्षेत्र में ठोस कचरा प्रबन्धन (Solid Waste Management) हेतु कचरा प्रबन्धन केन्द्र/कम्पोस्टिंग यूनिट स्थापित करने हेतु प्रस्ताव पारित करके सरकार को भेजा गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस प्रस्ताव पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई; इस हेतु भूमि आबंटन, वित्तीय स्वीकृति तथा योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में कोई निर्णय लिया गया है; ब्यौरा दें?

----

## एफ0आर0ए0 एक्ट

***4250 श्री चंद्र शेखर (धर्मपुर):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में एफ0आर0ए0 एक्ट लागू है; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक मण्डी जिला में कितने आवेदन इस एक्ट के तहत भूमि आबंटन हेतु विभाग को प्राप्त हुए तथा कितने मंजूर एवं कितने अस्वीकृत किए गए; ब्यौरा दें?

----

## बाबा बालक नाथ ट्रस्ट

***4251 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार की तर्ज़ पर बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट में करुणामूलक आधार पर रोजगार देने हेतु क्या प्रावधान हैं; ब्यौरा दें ?

----

## रिक्त पद

***4252 श्री हरदीप सिंह बावा (नालागढ़):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के जल शक्ति विभाग में कनिष्ठ अभियन्ता सिविल, मकैनिकल तथा इलैक्ट्रिकल के कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) इन पदों को भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के तहत सरकार कब तक भरने का विचार रखती है; मण्डलवार ब्यौरा दें?

----

## वेतन /भत्ते /पेंशन पर व्यय

***4253 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर) :**
**डॉ0 जनक राज (भरमौर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कार्यरत नियमित कर्मचारियों, अधिकारियों तथा आउटसोर्स/ संविदा कर्मचारियों पर वेतन, भत्तों एवं अन्य सुविधाओं के रूप में प्रतिमाह एवं प्रतिवर्ष

कितना व्यय किया जा रहा है; विभिन्न विभागों में कितने आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं तथा उन्हें कितना मासिक वेतन दिया जा रहा है;

(ख) पेंशनभोगियों को पेंशन मद में प्रतिवर्ष कितनी राशि अदा की जा रही है; ब्यौरा वर्गवार, विभागवार एवं वर्षवार दें;

(ग) यह सत्य है कि विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी कम वेतन, अस्थिर नौकरी तथा समय पर वेतन भुगतान न होने की समस्याओं से जूझ रहे हैं;

(घ) सरकार इन हेतु न्यूनतम वेतन तय करने, समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने तथा जॉब सिक्योरिटी व दीर्घकालिक संविदा नीति बनाने का विचार रखती है; और

(ङ) गत दो वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक इनके वेतन भुगतान में देरी के कितने मामले सामने आए तथा इन पर क्या कार्रवाई की गई ; ब्यौरा दें?

----

## पाइपों की कमी

*4254 **श्री विवेक शर्मा (विक्कू) (कुटलैहड़):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के जल शक्ति विभाग में लंबे समय से पाइपों की उपलब्धता नहीं होने के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है; क्या सरकार ने पाइपों की खरीद हेतु प्रक्रिया आरम्भ कर दी है; यदि हां, तो यह प्रक्रिया कब तक पूर्ण होगी तथा कब तक सभी मण्डलों में पाइपें उपलब्ध करवा दी जाएंगी; ब्यौरा दें?

----

## दूध खरीद

*4255 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला मण्डी में मिल्क फेडरेशन द्वारा दूध उत्पादकों से दूध की नियमित खरीद व उन्हें समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें;

(ख) जिला मण्डी के चक्कर में स्थित दुग्ध प्रसंस्करण प्लांट की वर्तमान क्षमता कितनी है तथा इसे बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें;

(ग) वर्तमान में मिल्क फेडरेशन द्वारा जिला मण्डी में कितनी दुग्ध समितियों से दूध संग्रह किया जा रहा है तथा प्रतिदिन कितना दूध एकत्रित होता है;

(घ) गत 3 महीनों में कितनी नई समितियों से दूध संग्रह शुरू किया गया है; कुल पंजीकृत समितियाँ कितनी हैं; क्या सभी समितियों से दूध खरीद सुनिश्चित की जाएगी;

(ङ) क्या मिल्क फेडरेशन द्वारा प्रति किसान केवल 10 लीटर दूध खरीदने की सीमा निर्धारित की गई है; यदि हां, तो कारण; और

(च) मिल्क सेस से सरकार को प्रतिमाह कितनी आय होती है तथा इसका उपयोग किन-किन कार्यों में किया जा रहा है?

----

## हर्बल गार्डन

***4256 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कुल कितने हर्बल गार्डन कहां-कहां स्थापित हैं; आयुर्वेद विभाग द्वारा गत दो वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक कुल कितने व कौन-कौन से औषधीय/जड़ी-बूटियों के पौधे वितरित किए गए ; नाम सहित ब्यौरा दें; और

(ख) वितरित किए गए पौधों की देख-रेख किसके द्वारा की जाती है तथा इनकी जीवित दर क्या है; सरकार को इस अवधि में जड़ी-बूटियों एवं अन्य औषधीय पौधों की बिक्री से कितना राजस्व प्राप्त हुआ; ब्यौरा दें?

----

## करुणामूलक नियुक्तियां

***4257 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**
**श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना) :**
**श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश के विभिन्न विभागों/बोर्डों/निगमों में करुणामूलक आधार पर नौकरी के ऐसे कितने मामले लंबित हैं, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख रुपये से कम है; विभागवार ब्यौरा दें तथा सरकार द्वारा इसी आय वर्ग के कुछ मामलों को अस्वीकार किया गया है उसके क्या कारण हैं; क्या इन पर पुनर्विचार किया जाएगा;

(ख) क्या यह सत्य है कि सरकार द्वारा 7/03/2019 की करुणामूलक नीति में संशोधन करके 62500 रूपये प्रति व्यक्ति सालाना आय की शर्त को खत्म कर इन मामलों हेतु वार्षिक आय सीमा को 3 लाख रुपये कर दिया था; यदि हां, तो इसकी प्रति सभा पटल

पर रखें; क्या सरकार द्वारा किया गया संशोधन दिनांक 31.12.2025 तक ही मान्य था; यदि हां, तो कारण;

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2025 तक पुलिस विभाग में डी0एस0पी या उससे ऊपर के रैंक के जिन अधिकारियों की मृत्यु हुई है उनके आश्रितों को करुणामूलक आधार पर कहां-कहां नियुक्तियां दी गईं; ब्यौरा नीति की प्रति, नियुक्ति पत्र तथा नियुक्ति से सम्बन्धित नस्तियों की नोटिंग के सम्बद्ध भाग की प्रति सभा पटल पर रखें;

(घ) यह सत्य है कि इन नियुक्तियों की सरकार द्वारा आय सीमा 2.50 लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपये की गई है; यदि हां, तो 3 लाख से अधिक आय वाले 1650 लंबित मामलों, पूर्व में अस्वीकृत मामलों की पुनः समीक्षा तथा दिनांक 22.08.2022 की अधिसूचना में संशोधन/ निरस्तीकरण के संबंध में सरकार का क्या निर्णय व समय-सीमा है; और

(ङ) क्या सरकार आय सीमा को 3 लाख से 5 लाख तक करने व बिना शर्त वन टाइम सेटलमेंट करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें ?

----

## आर0डी0एस0एस0

***4258 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति)** :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला लाहौल और स्पिति के विद्युत विभाग में आर0डी0एस0एस0 के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कार्य शुरू न होने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) लाहौल और स्पिति विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बिजली संकट को दूर करने हेतु कितने सब-स्टेशन प्रस्तावित हैं तथा इस हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; अद्यतन स्थिति व कार्य शुरू न होने के कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## तटीयकरण

***4259 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी)**:

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मानसून 2024 में कुरपन खड्ड में आई बाढ़ के उपरांत इसके चैनेलाइजेशन एवं तट सुरक्षा हेतु किस-किस योजना के तहत कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत, कितनी व्यय हुई एवं कितनी शेष है; क्या इस हेतु निविदाएं आमंत्रित की गई थी तथा कार्य किन-किन ठेकेदारों को आबंटित किए गए; ब्यौरा दें;

(ख) बाढ़ के बाद व्यय की गई धनराशि कहां-कहां तथा किन-किन स्थानों/व्यक्तियों की भूमि पर व्यय हुई है; ब्यौरा दें;

(ग) यह सत्य है कि यह धनराशि मुख्यतः बाग़ीपुल स्थान पर तथा कुरपन खड्ड के एक ही छोर पर व्यय की गई है; यदि हां, तो कारण;

(घ) क्या खड्ड के दूसरे छोर की आबादी एवं भूमि को भी बहाव से खतरा है; सरकार वहां भी तट सुरक्षा कार्य करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ङ) आपदा से प्रभावित गांवों केदस, कोयल, सिंहगाड़ तथा अन्य प्रभावित स्थानों पर तट सुरक्षा एवं चैनेलाइजेशन हेतु धनराशि जारी की गई है; यदि नहीं, तो सरकार इन प्रभावित स्थानों हेतु कोई कार्य योजना बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

**बस रूट**

***4260 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितने बस रूट स्वीकृत हैं; उनमें से वर्तमान में कितने रूटों पर नियमित बस सेवाएं संचालित की जा रही हैं तथा कितनों पर बंद हैं; बस रूटवार ब्यौरा दें; बन्द रूटों को कब तक पुनः बहाल कर दिया जाएगा;

(ख) क्या सरकार प्रदेश में प्रस्तावित इलैक्ट्रिक बस सेवा के अंतर्गत इस निर्वाचन क्षेत्र को भी बसें प्रदान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कितनी प्रस्तावित हैं; ब्यौरा दें;

(ग) प्रस्तावित इलैक्ट्रिक बसों के संचालन हेतु अर्की क्षेत्र में कितने चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं; ब्यौरा स्थानवार दें; और

(घ) इस निर्वाचन क्षेत्र में बस सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा नए बस रूट आरम्भ करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

**बंदोबस्त**

***4261 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत किस-किस क्षेत्र में बंदोबस्त का कार्य चला हुआ है; क्या इनकी जमाबंदी/खतौनी तैयार हो चुकी है; क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ख) तस्दीकें तथा पड़तालें कितनी पूर्ण हो चुकी हैं व कितनी शेष हैं; और

(ग) तहरीर मिसल हाक़ियत तथा अक्स लट्ठा मोमी कब तक तैयार कर लिए जाएंगे व इस बंदोबस्त कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## ऋण

*4262 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**
**श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**
**श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) :**
**श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक सरकार की वर्षवार आय कितनी रही उसमें से ऋण व ब्याज अदायगी पर कितनी राशि व्यय की गई तथा ऋण अदायगी के उपरांत शेष राशि में से विकास कार्यों पर कितनी व्यय की गई; वर्षवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में प्रदेश की आय बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा क्या-क्या नीतिगत पग उठाए गए तथा इनसे वर्षवार आय में कितनी वृद्धि हुई; यदि अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है, तो कारण;

(ग) प्रदेश के विभिन्न विभागों/बोर्डों/निगमों के कितने संस्थान लाभ व कितने घाटे में संचालित हो रहे हैं; वे कब से घाटे में हैं तथा उनका वर्षवार लाभ/हानि का ब्यौरा दें;

(घ) इस अवधि में सरकार द्वारा प्रतिवर्ष कितना ऋण लिया गया; किस-किस सरकार के कार्यकाल में कितना-कितना ऋण लिया गया; वर्तमान में प्रदेश पर कुल कितना ऋण है तथा इस पर प्रतिवर्ष कितना ब्याज देना पड़ता है; वर्तमान में बकाया ऋण व देय ब्याज कितना है एवं क्या यह GSDP मानकों के निकट/अधिक है; ब्यौरा दें;

(ङ) दिनांक 25.02.2026 को लिए गए 1030 करोड़ रुपये के ऋण की ब्याज दर क्या है, कुल ब्याज देय कितना होगा तथा "State Development Programme के अंतर्गत कौन-कौन सी योजनाएं/परियोजनाएं प्रस्तावित हैं; ब्यौरा योजनावार/विभागवार उपयोग, जिलावार आबंटन एवं अधिसूचना में परियोजनाओं के उल्लेख सहित दें; और

(च) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक सरकार द्वारा कितना ऋण निगमों, बोर्डों व अन्य संस्थानों के माध्यम से लिया गया; ब्यौरा दें?

----

## आधार कार्ड

***4263 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि आधार कार्ड में नाम सुधार की प्रक्रिया को सरकार द्वारा अत्यधिक जटिल बना दिया गया है, जिसमें गैजेट नोटिफिकेशन, दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशन तथा अतिरिक्त दस्तावेज़ अनिवार्य किए गए हैं; और

(ख) इन शर्तों से आम नागरिकों, विशेषकर गरीब व ग्रामीण वर्ग को अनावश्यक आर्थिक व प्रशासनिक परेशानी हो रही है; सरकार इस प्रक्रिया को सरल व जनहितैषी बनाने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## ऑटोमेटिड टेस्टिंग सेंटर

***4264 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के किन-किन स्थानों पर वाहनों हेतु ऑटोमेटिड टेस्टिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं; इस हेतु क्या फीस निर्धारित की गई है तथा इससे जनता को क्या लाभ होगा; ब्यौरा दें?

----

## मुख्य मंत्री आवास योजना

***4265 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक प्रदेश में मुख्य मंत्री आवास योजना के अंतर्गत कितने आवास आबंटित किए गए; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें ?

----

## मस्टरोल

***4266 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ज़िला लाहौल और स्पिति में दिनांक 01 जून, 2024 से 31 जनवरी, 2026 तक कितने लोगों को मस्टरोल आधार पर लोक निर्माण एवं जल शक्ति विभाग में रखा गया है; ब्यौरा उप-मंडलवार व तिथिवार दें?

----

## परियोजनाएं

***4267 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक आनी तथा निरमंड विकास खंड में कितने लघु, मध्यम व बड़ी पनबिजली परियोजनाओं का आबंटन एवं संचालन शुरू हुआ है; कितनी परियोजनाएं विचाराधीन हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत इन परियोजनाओं हेतु क्या-क्या औपचारिकताएं तथा शर्तें रखी गई हैं व कोई परियोजना इस तरह पारदर्शी तरीके से आबंटित हुई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में किन-किन फ़र्मों,संस्थाओं तथा व्यक्तियों ने इन योजनाओं हेतु आवेदन किया है; ब्यौरा दें ?

----

**शिमलाः 171004.** **यशपाल शर्मा,**

**28 मार्च, 2026 .** **सचिव**